आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितम्बर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रशासन ने आरसीएस–उड़ान 6.0 के तहत नागरिक उड्डयन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
- फिनिक्स बे और बम्बूफ्लाट के बीच संचालित वाहन फेरी जलयान की सेवा को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है।
- झारखंड में आयोजित होने वाले नेशनल पार्टिसिपेशन कैंप के लिए साइकिल चालकों का चयन ट्रायल 27 सितम्बर को होगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितम्बर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस एक सौ अड़तीसवीं कड़ी का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क के साथ–साथ आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने कनेक्टिविटी को मजबूत करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए आरसीएस–उड़ान 6.0 के तहत नागरिक उड्डयन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह पहल सी–प्लेन और छोटे फिक्स्ड–विंग विमानों के माध्यम से द्वीपों के बीच किफायती हवाई संपर्क को बढ़ावा देगी, जिससे पूरे द्वीप समूह में पर्यटन, व्यापार, रोजगार, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को एक नई गति मिलेगी।

<><><><><><><><>

रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में अंडमान निकोबार कमान की ओर से एएनसी हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। 27 सितम्बर को सुबह पांच बजे 21 किलोमीटर दौड़ को कमांडर इन चीफ हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद 10 किलोमीटर दौड़ सुबह साढ़े पांच बजे और 5 किलोमीटर की दौड़ सुबह 6 बजे आयोजित होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की 25वीं वर्षगांठ के सिलसिले में आयोजित ANC सिल्वर जुबली फुटबॉल चैंपियनशिप का समापन हो गया। ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन में आयोजित टूर्नामेंट में कुल 10 फुटबॉल टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में अंडमान एफसी ने जीत हासिल कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि आर्मी ए उपविजेता रही। समापन समारोह में वाइस एडमिरल विनीत मैक्कार्टी मुख्य अतिथि, जबकि मुरलीकांत राजाराम पेटकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता, पद्म श्री और लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित एथलीट मुरलीकांत राजाराम पेटकर ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें समर्पण, दृढ़ता तथा खेल भावना के साथ उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से सितंबर और अक्टूबर माह के दौरान ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविरों के आयोजन किए जाएंगे। इसके तहत तेरेसा में यह शिविर पहली अक्तूबर तक चलेगा। इसी प्रकार, चौरा में यह शिविर 3 से 5 अक्तूबर तक और कच्छाल में 7 से 10 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। विभाग ने सभी नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने और शिविर के दौरान आधार से संबंधित कार्य करने की अपील की है। इन आधार शिविरों का संचालन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के रामकृष्णग्राम स्थित नवीनीकृत जिला परिषद सामुदायिक भवन का उद्घाटन हाल ही में मध्योत्तर अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष आर. अलागर स्वामी, ने किया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. कृष्णा चैतन्य और अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि इस सामुदायिक भवन से रामकृष्णग्राम और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को लाभ होगा।

<><><><><><><>

फिनिक्स बे और बम्बूफ्लाट के बीच संचालित वाहन फेरी जलयान एमवी पिलोभाबी में अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण जलयान की सेवा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। निदेशालय ने कहा कि खराबी को ठीक करने और इस मार्ग पर वाहन फेरी सेवाओं को जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

<><><><><><><><>

झारखंड में आयोजित होने वाले नेशनल पार्टिसिपेशन कैंप के लिए एलीट, जूनियर और सब–जूनियर श्रेणियों में साइकिल चालकों के चयन के लिए अंडमान निकोबार साइक्लिंग एसोसिएशन की ओर से 27 सितम्बर को चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक साइकिल चालकों से कल तक गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण जमा करने को कहा गया है। गूगल फॉर्म का लिंक साइक्लिंग एसोसिएशन के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया जाएगा ।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स पर्यटन विभाग के सहयोग से, विश्व पर्यटन दिवस के सिलसिले में समुदाय–केंद्रित गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इसके तहत कल अंडमान क्लब में एक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। 27 सितंबर अंडमान क्लब में सुबह दस बजे से खुली चित्रकारी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

यह प्रतियोगिता का विषय 'अंडमान एवं निकोबार – पर्यटन का एक गंतव्य' रखा गया है। आटो ने छात्रों, कलाकारों, पर्यटन हितधारकों और आम जनता को दोनों गतिविधियों में भाग लेने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

बिजली विभाग में कनिष्ठ अभियंता और अंडमान लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियंता (ई एंड एम) के पदों के लिए कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल परीक्षा का संशोधित सामान्य पाठ्यक्रम प्रशासन के पोर्टल पर आज दिन में 11 बजे से उपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा घटक के तहत और राज्य परियोजना अधिकारी, से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, ब्लॉक प्रोजेक्ट कार्यालय, ननकौड़ी में कल राजकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कमोर्टा में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सांकेतिक भाषा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशन, संचार और समान अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

उधर, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रंगत में भी अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम और सांकेतिक भाषा पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

<><><><><><><>

आई सी एम आर–क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में 'सुदूर द्वीपों में निदान क्षमता को मजबूत करना– एक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम' विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन निदेशक डॉ. अपरूप दास के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और वीआरडीएल–अनिम्स के सहयोग से किया गया था।

कार्यक्रम में हब–एंड–स्पोक मॉडल के माध्यम से दूरस्थ द्वीपों में नैदानिक और रेफरल क्षमता को मजबूत करने, संस्थानों में उपलब्ध नैदानिक सुविधाओं के तर्कसंगत व कुशल उपयोग को बढ़ावा देने और पूरे द्वीपों में इन सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

<><><><><><><>